हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म. प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 297 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 10 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया


## युवक का कुएं में पैर बंधे मिला शव, हत्या की आशंका

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कचनारा में एक युवक का शव कुएं में मिला है। युवक के पैर बंधे हुए थे, जिससे हत्या की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। मामले में पुलिस जांच कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात में जीवन पिता रायसिंह डांगी का शव कुएं में मिला। शरीर पर चोट के निशान थे। इसके अलावा पैर भी बंधे हुए थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु कर दी है।


---

दो साल बाद भी एल्डरमेनों का नहीं हो पाया मनोनयन, पार्षद की तरह होते हैं एल्डरमेन...

# नपा में एल्डरमेन बनने का ख्वाब रह गया अधूरा

### चुनाव के बाद भी नेताओं के अरमान नहीं हुए पूरे, अनुभवी को नहीं मिल रही तरजीह

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका चुनाव दो साल पहले हुए थे। कई नेता पार्षद बनने का सपना देख रहे थे। हालांकि सिर्फ चालिस ही पार्षद बने। लेकिन इसके बाद भी अरमान ठंडे नहीं हुए। कई नपा में एल्डरमेन बनने का ख्वाब देखने लगे। लेकिन ऐसे नेताओं के सपने दो साल बाद भी अधूरे ही है। अब 3 साल का कार्यकाल ही शेष है लेकिन अब तक एल्डरमैन पदों पर फैसला नहीं हो सका। नपा में कुल 40 पार्षद हैं। इसमें से 29 बीजेपी, 8 कांग्रेस व 3 निर्दलीय हैं। वैसे सत्ता पक्ष से ही एल्डरमैन पदों पर नियुक्तियां होती आई हैं। इसमें कभी असंतुष्टों को साधना, अनुभवी को तरजीह देना जैसे विषय आते हैं। इधर नपा में पिछले दिनों सभापति परिवर्तन जैसे विषय भी उठ चुके हैं, चूंकि बहुमत से भी अधिक संख्या है इसलिए संगठन काफी हद



निश्चिंत है। इस बार एल्डरमैन पदों की संख्या 4 से लेकर 6 तक संभावित बताई जा रही है।

16 जुलाई 2022 को मंदसौर नपा चुनाव नतीजे घोषित हुए थे। जिसमें 29 पार्षद बीजेपी से निर्वाचित हुए थे। 8 पार्षद कांग्रेस से जबकि 3 निर्दलीय भी चुनाव जीतने में सफल रहे थे। इसके बाद अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुए नपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा की रमादेवी गुर्जर ने 33 पार्षदों के मत पाए थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी पिंकी सोनी को 7 वोट ही मिल पाए। उपाध्यक्ष चुनाव में नम्रता चावला को 32 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस के तरुण शर्मा को 8 मत ही मिले थे। चुनाव में बीजेपी की ओर रुझान रखने वाले एक कांग्रेस पार्षद द्वारा की क्रॉस वोटिंग खासी चर्चा में रही थी। नपा के इतिहास में भाजपा ने दोनों पदों पर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। इसके बाद से कई नेता जो टिकट से वंचित रहे थे, वे एल्डरमैन पद के लिए प्रयासरत थे। उन्हें अपने आकाओं की परिक्रमा करते हुए 2 साल हो चुके हैं लेकिन सूची अब तक नहीं आई। मामले में कांग्रेस पार्षदों का कहना है जिस पार्टी की सरकार होती है वे अपने लोगों को अनुगृहित करते हैं। एक बने तो कोई दूसरा नाराज न हो जाए, संभवत: इसी कारण से नियुक्तियां रूकी हैं। पयामी ने कहा मंदसौर में तो सत्तापक्ष के पार्षदों तक की सुनवाई नहीं हो पा रही है। इधर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी नीलेश जैन का कहना है चुनाव बाद से प्रदेश में अभी तक किसी निकाय में नियुक्तियां नहीं हो पाई है। यह निर्णय संगठन, जनप्रतिनिधियों व नपाध्यक्ष की राय के आधार पर होते हैं।

#### मंदसौर में अब भाजपा राजनीति में 3 पॉवर सेंटर...


मंदसौर भाजपा पॉलिटिक्स में अब 3 बड़े पॉवर सेंटर हो चुके हैं। इनमें प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, राज्यसभा सदस्य बंशीलाल गुर्जर और 3 बार के सांसद सुधीर गुप्ता के नाम शामिल हैं। तीनों का निवास जिला मुख्यालय पर ही हैं। पिछले दिनों सभापति परिवर्तन जैसे विषय का मामला उठा था तब भी पार्षदों ने वरिष्ठनेताओं तक बात रखी थी। इसी तरह एल्डरमैन नियुक्ति में भी एक राय बनने के बाद ही सूची आ सकेगी। अगले दिनों में तीनों पॉवर सेंटर से अपने-अपने कोटे से नाम जाएंगे। इसके बाद अंतिम फैसला शासन लेगा।

---

नागपंचमी के दिन भी मंदिर समिति के कर्ताधर्ताओं की रही लापरवाही...

## तापेश्वर महादेव मंदिर के गेट पर लगा रहा ताला

### पुजारी ने कहा, अति प्राचीन मंदिर है तापेश्वर महादेव, सावन में रहना चाहिए खुला



**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रसिद्ध पशुपतिनाथजी महादेव मंदिर के ठीक सामने अति प्राचीन तापेश्वर महादेव का मंदिर है। यहां नागपंचमी के दिन भी मंदिर समिति के कर्ताधर्ताओं की लापरवाही चरम सीमा पर रही। दोपहर में मंदिर के गेट पर ताला लटका दिया गया, जो शाम तक नहीं खोला गया। जबकि सावन माह में मंदिर पर ताला नहीं लगाना चाहिए। मंदिर के पट बंद किए जा सकते हैं, जबकि मंदिर समिति द्वारा तो पट पर ताला जड़ा जा रहा है। बताते हैं कि दोपहर में भगवान के शयन का समय एक से दो बजे निर्धारित है। इस एक घंटे के समय में अनवरत ताला लगााय जाता है। यही कारण है कि मंदिर समिति द्वारा ताला लगाने का कार्य ऐसे ही किया जाता रहा। नागपंचमी के दिन शुक्रवार को मंदिर प्रबंध समिति ने दोपहर में ताला लगाया तो शाम तक नहीं खोला। ताला भी तब खुला, जब मंदिर पुजारी द्वारा इस पर आपत्ति दर्ज कराई गई। साथ ही सोशल मीडिया पर भी मंदिर समिति की इस तरह की लापरवाही को दर्शाया गया। तब आनन–फानन में मंदिर समिति के बेपरवाह कर्ताधर्ताओं को ताला खोलने संबंधी कर्तव्य की याद आई।

उधर, मंदिर समिति के प्रबंधक ने खुद को बयानबाजी से बचने के लिए अपना मोबाईल नंबर भी अनरिचेबल कर दिया। हालांकि, इस पूरी घटना को एक सुरक्षा गार्ड की गलती माना जा रहा है, जो सावन माह में मंदिर के अन्य व्यवस्थाओं में लग गया था। यानी ताला खोलने की किसी को याद ही नहीं रही। बता दें कि सावन... पेज 1 से जारी

#### इनका कहना

तापेश्वर महादेव मंदिर अति प्राचीन मंदिर है। मंदिर पर हम पूजा–अर्चना करते आए हैं। प्रतिदिन दोपहर में शयन के समय मंदिर समिति द्वारा एक घंटे तक ताला लगाया जाता है। कई बार ऐसा होता है कि ताला खोलने भूल जाते हैं। नागपंचमी के दिन वह भी सावन माह में तो शाम तक कोई ताला खोलने नहीं आया। मंदिर कार्यालय पर भी जाकर संपर्क किया गया, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। सावन महीने में ताला लगाए रखना, धार्मिक गतिविधियों के विपरित है।

**–अंकित वैष्णव, पूजारी**
**तापेश्वर महादेव मंदिर, मंदसौर**

---

## भृत्य को खुदकुशी के लिए उकसाया था, दो पर प्रकरण दर्ज

### आठ महीने पूर्व की घटना में मिला था कलेक्टर को लिखा पत्र, अब जांच हुई पूरी

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ भृत्य बगदीराम मेहर ने 19 दिसंबर की शाम चम्बल नदी में छलांग लगाकर खुदकुशी की थी। मामले में तत्समय कलेक्टर के नाम लिखा एक पत्र भी मिला था, जिसमें दो दोस्तों पर अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने व 30 लाख मांगने संबंधी बात लिखी गई थी। घटना को हुए आठ महीने बीत चुके हैं, अब जाकर पुलिस की जांच पूरी हुई है। यानी 8 अगस्त को सुवासरा थाना पुलिस ने दो आरोपी बनाकर उन पर खुदकुशी के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार आजाकवि में पदस्थ बगदीराम पिता भेरुलाल मेहर 58 वर्ष 19 दिसंबर को कार्यालय आया था। यहां से वह वापिस अपने घर सुवासरा की ओर जा रहा था, तब चम्बल पुल के ... शेष पेज 4 पर

---

जिले भर में उल्लास से मना नाग पंचमी का पर्व....

## श्रद्धा से पूजे गए नागदेवरे, पशुपतिनाथजी को लगा तांबूल का भोग

### नाग पंचमी पर मंदिरों में हुई पूजा–अर्चना, घरों में बनाई गई दाल–बांटी



**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नाग पंचमी का पर्व शुक्रवार को श्रद्धा के साथ मना। नागदेवता को पूजने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ नागदेवरों पर जुटी रही। सुबह से ही महिलाएं पूजन-अर्चन के लिए तैयार हो गई थी। सामूहिक रूप से महिलाओं ने नागदेवरे पर जाकर पूजा पाठ की व नागदेवता से खुशहाली की कामना की। नागपंचमी पर घरों में चूल्हे पर तवा नहीं गरम नहीं किया जाता है, ऐसे में घरों में दाल–बांटी बनाई गई। सुबह के समय भगवान पशुपतिनाथजी को तांबूल का भोग अर्पित किया गया, वहीं शहर में एक चल समारोह भी निकाला गया। चल समारोह में अखाड़े भी शामिल रहे, जिन्होंने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी का मन मोहा। उधर, सभी शिवालय सहित सभी मंदिरों में पूजा–अर्चना होती रही।

**प्राकृतिक स्थल ताखाजी में लगी भीड़**–भानपुरा तहसील में स्थित प्राकृतिक स्थान ताखाजी में शुक्रवार को नागपंचमी होने से भारी भीड़ उमड़ी। ताखाजी में मेला सा लगा रहा। दूर दराज से कई लोग नागदेवता के दर्शन के लिए जुटे बता दें कि ताखाजी प्राचीन धार्मिक स्थान हैं, जहां नागदेवता का मंदिर है।

**सपेरों के बिन की आवाज हुई गायब**–एक समय था जब नागपंचमी पर सपेरों की बिन की आवाजें सुनाई देती थी। अब सपेरे न तो शहर में आ रहे हैं और न ही ग्रामों में घुमते दिखाई दे रहे हैं। वन्य प्राणी अधिनियम के फेर में फंसे सपेरों ने भी यह काम करीब-करीब छोड़ दिया है। इस कारण शाश्वत रूप में श्रद्धालु नागदेवता को दूध नहीं पिला पाए।

---



मटेरियल बाहर बिखरा रहा, मार्ग जाम, लोग हुए परेशान...

## निलगर खरंजा में अति जर्जर मकान को तोड़ा गया

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर के खानपुरा क्षेत्र में निलगर खरंजा में एक अति जर्जर मकान को तोड़ने की कार्रवाई नगर पालिका द्वारा शुक्रवार को की गई। यहां घाटी क्षेत्र पर मकान को तोड़ दिया गया। मकान तोड़ने के बाद मटेरियल बाहर ही बिखरा पड़ा रहा, इससे मार्ग भी बाधित हुआ, वहीं लोगों को आने–जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जबकि मकान तोड़ने के बाद मटेरियल भी उठाया जाना चाहिए। खंडहर हो चुके जर्जर मकानों को ढहाने के लिए हर वर्ष नोटिस पर नोटिस का खेल होता रहा है। हर वर्ष मीडिया की सूर्खियां रहती आई है। इस वर्ष भी जर्जर मकान का मुद्दा उठा। भोपाल स्तर से भी आदेश आए। कलेक्टर अदिति गर्ग ने भी विभागीय बैठक में सभी नगरीय निकायों को जर्जर मकान तोड़ने के आदेश दिए। इसी एवज में मंदसौर नगर पालिका के कर्मचारियों ने जर्जर मकान को और चिन्हित कर मकान के बाहर नोटिस चस्पा कर दिया। शुक्रवार को खानपुरा क्षेत्र में एक मकान को धराशायी कर कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया है।

---

## शिक्षक नहीं नेता तय करेंगे बच्चे का परीक्षा केंद्र

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए टाइम टेबिल जारी कर दिया गया है। इसी के साथ परीक्षा केन्द्रों को बनाने के लिए नियम-कायदे तय किए जा रहे हैं। हर परीक्षा केन्द्र पर ढाई सौ से ज्यादा स्टूडेंट होंगे। खास बात यह है कि केन्द्रों की सूची फाइनल करने के दौरान इस बार स्थानीय विधायक और सांसद की मंजूरी जरूरी होगी। शिक्षा विभाग के अनुसार परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में पारदर्शिता बनी रहे इसलिए ऐसा कर रहे।

**30 सितंबर तक तय होंगे केंद्र**–मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं 25 फरवरी 2025 से शुरू होगी। परीक्षा के लिए केन्द्रों का निर्धारण करने के लिए मंडल ने समय सीमा जारी कर दी है। प्रदेश के सभी जिलों में 30 सित्बर तक केन्द्रों के नाम तय किए जाने हैं। सरकारी स्कूलों के साथ ही प्राइवेट स्कूलों को भी चुना जाएगा। पिछले साल के उन परीक्षा केन्द्रों को सूची से बाहर किया जाएगा जहां लगातार तीन साल से गड़बड़ी के मामले आ रहे हैं।

**प्राइवेट की परीक्षा सरकारी स्कूलों में होगी**–परीक्षा में नियमित और स्वाध्यायी दोनों ही परीक्षार्थी शामिल होते हैं। वहीं निजी और सरकारी दोनों ही स्कूलों में केन्द्र बनाए जाते हैं। यहां प्राइवेट परीक्षा देने वाले के परीक्षा केन्द्र केवल सरकारी स्कूलों में ही बनेंगे।

---

दलौदा थाना पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों के कब्जे से जहरीली खराब भी मिली...

## रेलवे की मीटर केबल और भैंस चुराने वाले पकड़ाए

**दलौदा, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाना पुलिस ने रेलवे की करीब एक हजार 26 मीटर केबल चोरी करने के साथ ही दो भैंसे चुराने वाले आरोपियों को पकड़ा है। दोनों अलग–अलग मामले में कार्रवाई की गई है। आरोपियों के कब्जे से जहरीली शराब भी बरामद की गई। मामले में गिरफ्तार दो आरोपी के अलावा एक आरोपी विधि विरुद्ध बालक रहा है।

पुलिस के अनुसार 6 अगस्त को गांव पर बाड़े में बंधी दो भैंसे चुराने की घटना हुई थी। इस मामले में टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना पर आरोपी लखन पिता रमेश नाथ 26 साल निवासी रतागिरी थाना बिलपांक जिला रतलाम एवं धर्मेन्द्र पिता शांतीलाल भील 28 साल निवासी ग्राम जेतपाडा से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि उनके दोस्त जुल्लू पिता कल्लू निवासी एलची के साथ मिलकर भैंसे चुराई थी।

इसके अलावा 8 अगस्त को रेल्वे कांट्रेक्टर ने शिकायत की थी कि रतलाम से दलौदा नए रेलवे लाईन का ठेका अन्निया इंजीनिरिंग प्रायवेट लिमि. के नाम से ले रखा है। जिसमें काम चालू होने वाला था। इस कारण 12 कोर केबल जो कि ड्रम नंबर 7274 की जो 1026 मीटर की केबल रेल्वे प्लेटफार्म कचनारा से थोडी दुर खेत में रखी हुई थी, जो चोरी कर ली गई है। इस पर भी टीम गठित की गई। यहां टीम को मुखबिर सूचना मिली, जिस पर नीमच हाईवे रोड आक्या ब्रिज के यहा एक टेम्पो को चेक किया गया। टेम्पो में 10 लीटर जहरीली हाथ भट्टी कच्ची शराब व चुराई गई केबलें मिली। इसमें विधि विरुद्ध बालक से पूछताछ की गई। जिसने अपने दोस्त रिजवान व गोलू उर्फ अंग्रेज एवं शाहनवाज के साथ मिलकर रेलवे की केबल चुराना कबूल किया। अन्य आरोपी फरार हैं, जनकी तलाश की जा रही है।

---

## अब जिले में अगले दो दिन बारिश का अनुमान

### बादल छाए, दोपहर बाद बूंदाबांदी के साथ रिमझिम वर्षा

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी के रूप में बारिश का दौर चला। रुक–रुककर बारिश जिला मुख्यालय सहित जिले में कई जगहों पर हुई। जिले में शनिवार को भी गरज चमक के साथ कुछ स्थानों पर तेज तो कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का अनुमान है। पिछले 24 घंटों में जिले में कहीं बारिश नहीं हुई। मौसम जानकारों के अनुसार अगले दो दिन बारिश के आसार बन रहे रहे हैं।जिले में अब तक 21 इंच बारिश हो चुकी है। यह औसत बारिश की 64 फीसदी बारिश है। जिले में अधिकतम तापमान 28 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक प्रकाश दामले ने बताया 'अभी राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। मानसून ट्रफ लाइन भी गुजर रही है।अन्य सिस्टम की एक्टिविटी के चलते प्रदेश में अगले 2 दिन तेज बारिश होने का अनुमान है, लेकिन 11 से 15 अगस्त तक पूर्वी प्रदेश में मौसम साफ हो जाएगा। पश्चिमी हिस्से में जरूर हल्की गरज-चमक और बूंदाबांदी हो सकती है। जिले में शुक्रवार सुबह तक ओवर ऑल 535 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1299.92 फीट पहुंच गया है।

---

नेताओं को सोसायटियों में सेट करने की क्वायद, प्रत्येक संस्था के लिए तीन-तीन नाम मांगे...

## सिंधिया समर्थकों के भी अरमान जागे

### सहकारी संस्थाओं में प्रशासक व सदस्य बनने का मौका

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नेताओं को सहकारी संस्थाओं में सेट करने की कवायद शुरु हो चुकी है। इससे टिकीट के वंचित, सिंधिया समर्थक और लंबे समय से दरियां तोक रहे नेता या अपने आकाओं की वफादारी में बाल सफेद करने वाले नेताओं के अरमान जाग गए है। भाजपा कार्यकर्ताओं को मध्य प्रदेश सरकार ने सहकारी संस्थाओं में जिम्मेदारी देने की तैयारी कर ली है। प्रदेश की बात करें तो सहकारी समितियों से जुड़े लगभग 20 हजार कार्यकर्ताओं को विभिन्न स्तरों पर समायोजित किया जाएगा। इसी तरह मंदसौर सहित 28 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, अपेक्स बैंक, विपणन समितियां, राज्य सहकारी विपणन संघ और महासंघ में भी मौका मिलेगा। इसके लिए पार्टी ने जिलों के सहकारिता से जुड़े नेताओं से नाम मांगे हैं।

**चुनाव नहीं होने से अधिकारी प्रशासक बने हुए हैं**–प्रदेश में सहकारी संस्थाओं के चुनाव वर्ष 2013 के बाद से नहीं हुए हैं। 2018 के बाद प्राथमिक से लेकर शीर्ष सहकारी संस्थाओं में सहकारिता विभाग के अधिकारी प्रशासक हैं। सहकारी अधिनियम में छह माह और विशेष परिस्थिति में इस अवधि को एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है पर चुनाव नहीं होने के कारण अधिकारी प्रशासक बने हुए हैं।

**सहकारिता के साथ जुड़े लोगों को किया जाएगा शामिल**–अब सरकार ने तय किया है कि अशासकीय व्यक्तियों को प्रशासक और सदस्य बनाया जाएगा। इसके लिए पार्टी से प्रत्येक संस्था के लिए तीन-तीन नाम मांगे गए हैं। इसमें उन लोगों को शामिल किया गया है जो सहकारिता से जुड़े हुए हैं और उन्हें चुनाव लड़ने का अनुभव रहा है। इन्हीं के नेतृत्व में आगामी चुनाव कराया जाएगा।

**एक प्रशासक और सहायता के लिए तीन सदस्य बनाएंग**–ये ही सदस्यता सूची तैयार कराएंगे और स्थानीय समीकरणों को देखते हुए उन कार्यकर्ताओं को तैयार करेंगे, जिन्हें चुनाव लड़ाया जाना है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में एक प्रशासक और उसकी सहायता के दो या तीन सदस्य बनाया जाएंगे।इसी तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और अपेक्स बैंक में भी प्रशासक के साथ पांच या छह सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी।

**पात्रता की जांच करेंगे सहकारिता विभाग के अधिकारी**–प्रशासक और सदस्य नियुक्त करने से पहले सबकी पात्रता की जांच सहकारिता विभाग से कराई जाएगी। इसमें यह देखा जाएगा कि कोई ऐसा तो नहीं है, जिसने ऋण न चुकाया हो और वो अपात्र हो गया हो। वह जिस समिति का सदस्य है, वह अपात्र तो घोषित नहीं की गई है। पूर्व में किसी कारण से चुनाव लडने से अयोग्य तो घोषित नहीं किया है।

**कार्यकर्ताओं में नाराजगी न पनपे इसलिए होगा समायोजन**–उत्तर प्रदेश में कार्यकर्ताओं में नाराजगी के कारण लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिस तरह से नुकसान हुआ, पार्टी उससे सब लेकर मध्य प्रदेश में कार्यकर्ताओं को भी सत्ता में भागीदार बनाना चाहती है। इसी उद्देश्य से सहकारी संस्थाओं में सबसे पहले कार्यकर्ताओं को नियुक्ति दी जा रही है। इन संस्थाओं के चुनाव 2013 के बाद से नहीं हुए हैं।

---

शामगढ़ थाने पर दो पक्षों के विवाद के बाद समझाईश देना पड़ा महंगा...

# थाना परिसर में खाकी पर हमला

### उपनिरीक्षक अविनाश सोनी के सिर में चोट, आरक्षक का हाथ टूटा, 18 आरोपी बने, 9 को पकड़ा

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान बीच बचाव करने वाले शामगढ़ थाना के दो पुलिसकर्मियों पर भीड़ ने हमला कर दिया। इस घटना में शामगढ़ थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक अविनाश सोनी के सिर में गंभीर चोट आई है वहीं एक पुलिसकर्मी के हाथ फ्रेक्चर हो गया। मामले में पुलिस ने 18 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का प्रकरण दर्ज किया है। इनमें से 9 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वही दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट का क्रॉस प्रकरण भी दर्ज किया गया है।

जिले में गुरुवार रात में दो गांव के लोगों में आपसी विवाद के चलते लगभग 100 से अधिक लोग शामगढ़ थाने पहुंचे थे। थाना परिसर में ही दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इनमें बीच-बचाव करने गए एसआई अविनाश सोनी के साथ लोगों ने मारपीट की। एसआई के सिर में गंभीर चोट लगी है। शामगढ़ अस्पताल में सिर में 12 टांके लगाने के बाद मंदसौर रेफर किया गया है। एक आरक्षक के हाथ में फ्रेक्चर हुआ है। एक प्रधान आरक्षक को भी चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार शामगढ़ थाने के ग्राम बरखेड़ा और खेड़ा देवीसिंह के ग्रामीणों के बीच किसी मामले को लेकर विवाद चल रहा था। घटना जिले के अंतर्गत आने वाले शामगढ़ थाने की है। किसी बात को लेकर शामगढ़ थाना क्षेत्र के बरखेड़ा और देवी सिंह खेड़ा के गांव के ग्रामीणों के बीच जमकर विवाद हो गया था। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची मामला शांत कराकर दोनों पक्षों को आपसी समझौता के लिए थाने ले आई थी।जिस समय पुलिस दोनों पक्षों से विवाद सुलझाने का आग्रह करते हुए उन्हें समझाने का प्रयास कर रही थी। तभी एकाएक एक पक्ष के लोग पुलिस पर ही उग्र हो गए। यही नहीं, उन्होंने थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ ही बेरहमी से मारपीट शुरु कर दी। बताया जा रहा है कि पुलिस के साथ हुई मारपीट का घटनाक्रम रात करीब 1 बजे के आसपास का है।

**उपनिरीक्षक सोनी गंभीर, आरक्षक का हाथ फ्रेक्चर**–इस घटनाक्रम में शामगढ़ थाने के एसआई अविनाश सोनी को गंभीर चोटें आई हैं। आनन फानन में उन्हें शामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया, जहां उनके सिर में बारह टांके लगाए गए। इसके बाद भी जब उनकी हालत में विशेष सुधार दिखाई नहीं दिया तो उन्हें मंदसौर बड़े अस्पताल रेफर कर दिया है। इसके अलावा इस घटनाक्रम में एक अन्य पुलिस आरक्षक बलराम मकवाना का भी हाथ फ्रैक्चर हुआ है। वहीं, थाने में मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों को भी हमले में मामूली चोटें आई हैं।

**मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अफसर**–फिलहाल, घटना के बाद पुलिस विभाग के आला अफसर शामगढ़ पहुंच गए हैं। इनमें मंदसौर एसपी, एडिशनल एसपी हेमलता कुरील और एसडीओपी निकिता सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस जवानों से मारपीट करने वालों की निशानदेही शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस पर हमले के समय थाना परिसर में दोनों पक्षों के 100 से अधिक लोग मौजूद थे। फिलहाल, पुलिस के आला अफसर खुद इस मामले की जांच में जुट गए हैं।

**बर्थडे पार्टी में हुआ विवाद**–पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खेड़ा देवी सिंह और बरखेड़ा उदय गांव के पास एक खेत पर शिवनारायण की बर्थडे पार्टी चल रही थी। इसी बीच पार्टी में विवाद हुआ इस पर किसी ने रात 11.30 बजे डायल 100 को कॉल कर शामगढ़ पुलिस को इसकी दी। मौके पर पहुंची पुलिस विवाद कर रहे कुछ लोगों को थाने ले आई। इसकी खबर दूसरे पक्ष को लगी वे भी पीछे-पीछे थाने पहुंच गए। यहां दोनों पक्षों के बीच फिर विवाद हुआ। दोनों पक्षों के समझाने के लिए एसआई अविनाश सोनी .... शेष पेज 4 पर



## नपा द्वारा गाजर घास के उन्मूलन हेतु दवाई का छिड़काव किया

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका परिषद मंदसौर के द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में गाजर घास के उन्मूलन के लिए दवाई का छिड़काव किया जा रहा है नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना के निर्देशानुसार उन क्षेत्रों में जहां गाजर घास की भरमार है अर्थात जहां खाली पड़े बड़े-बड़े भूखंडों वह रोड के किनारे गाजर घास लगी है उसके उन्मूलन के लिए दवाई का छिड़काव किया जा रहा है प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद्र शर्मा ने बताया कि नगरपालिका का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा पार्षदों के मार्गदर्शन में प्रभारी स्वास्थ्य दरोगा की देखरेख में दवाई का छिड़काव किया जावेगा।

## राजस्व महाअभियान अंतर्गत 12 को निम्न गांवों में लगेगा कैम्प

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अनुविभागीय अधिकारी उपखंड मंदसौर द्वारा बताया गया कि राजस्व महाअभियान (2.0) 31 अगस्त 2024 तक कैम्प आयोजित किये जाएगें। जिसके अंतर्गत हल्के के ग्रामों में बी-1 वाचन, नक्शे में तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, समग्र आधार से ई केवायसी, खसरा से समग्र आधार से लिकिंग, फार्मर रजिस्ट्री का सीमांकन, नामातरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, पीएम किसान ई-केवायसी, डीबीटी का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 12 अगस्त को अजीजखेड़ी, अरनिया निजामुद्दीन, गारियाखेड़ा, धुंधड़का, तुमडावदा एवं कुचडौद में कैम्प आयोजित किये जाएगें।

# सभी पटवारी ईकेवायसी एवं नक्शा तरमीम का कार्य तेजी से पूरा करवाएं-जैन

### राजस्व महाअभियान के तहत कलेक्टर जैन ने ईकेवायसी कार्य का लिया जायजा

**नीमच, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी पटवारी खसरा, समग्र आधार, ईकेवायसी का कार्य सर्वोच्चस प्राथमिकता से करें। इस कार्य में पंचायत सचिव सोसायटियों के प्रबंधक कियोस्क, एमपी ऑनलाईन, आंगनवाडी कार्यकर्ता भी सहयोग करें और ग्रामीणों को प्रेरित कर उन्हेंम ईकेवायसी केंद्र तक लाकर उनका खसरा ईकेवायसी करवाएं। साथ ही नक्शां तरमीम का कार्य भी तेजी से पूर्ण करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शुक्रवार को राजस्व महाअभियान के तहत ग्राम पंचायत केशरपुरा, दामोदरपुरा एवं खोर में ईकेवायसी कार्य का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान दिए गए।



कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने शुक्रवार को जावद क्षेत्र के ग्राम पंचायत केशरपुरा में ईकेवायसी कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने केशरपुरा निवासी मोहनलाल भागीरथ एवं किसान भंवरलाल, मुन्नाबाई राधेश्याम का अपने समक्ष लेपटॉप पर पटवारी से सखरा ईकेवायसी करवाया और ईकेवायसी की प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम दामोदरपुरा के सामुदायिक भवन में ईकेवायसी कार्य का निरीक्षण कर, ईकेवायसी कार्य की प्रगति का जायजा लिया। पटवारी ने अवगत कराया कि ग्राम में 900 ईकेवायसी होना है, इनमें से लगभग 300 खातेदारों का ईकेवायसी कर लिया गया है। गांव में मुख्ये चौराहे एवं शाम को भी ईकेवायसी का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने पटवारियों को निर्देशित किया कि वे ईकेवायसी कार्य की प्रगति बढाए और न्यूनतम 150 ईकेवायसी प्रतिदिन प्रति कर्मचारी के मान से करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ग्राम पंचायत खोर में सीएससी, वीएलई एवं पटवारी पंचायत सचिव, व्दारा पांच लेपटॉप के माध्यम से किए जा रहे ईकेवायसी कार्य का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। ग्राम पंचायत खोर में बोरखेडी, खेडाराठौर, एवं दामोदरपुरा के 1535 खातेदारों में से 550 केईकेवायसी पूर्ण कर लिए गए है और ईकेवायसी का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर ने कोटवारों के माध्यम से किसानों को बुलाकर, ईकेवायसी कार्य की प्रगति बढाने के निर्देश भी दिए है। इस मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर कलेक्टर ने उन्हेंर अपना खसरा, आधार, मोबाईल नम्बर की ईकेवायसी करवाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर तहसीलदार श्री यशपाल मुजाल्दा भी उपस्थित थे।

## लाड़ली बहनों को 4 करोड़ 2 लाख से ज्यादा का आज मिलेगा रक्षाबंधन का शगुन

**नीमच, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 10 अगस्त को प्रदेश की सभी लाडली बहनों को रक्षाबंधन के पूर्व 250 रूपये की शगुन राशि अंतरित करेंगे। साथ ही लाडली बहना योजना में सभी बहनों को 1250 की राशि अंतरित करेंगे। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने बताया, कि नीमच जिले की एक लाख 60 हजार 854 बहनों के खाते में 4 करोड 2 लाख रूपये से अधिक के राशि रक्षाबंधन के उपहार के रूप में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज अंतरित करेंगे। साथ ही लाडली बहना योजना कि मासिक किश्त 1250 रूपये के मान से जिले की बहनों के खाते में 19 करोड 51 लाख रूपये की राशि भी अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आज 10 अगस्त को श्योपुर जिले में लाडली बहना योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस में मुख्यमंत्री डॉ.यादव प्रदेश की लाडली बहनों को रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये प्रति बहन के खाते में अंतरित करेंगे साथ ही सिंगल क्लिक के माध्यम से लाडली बहनों के खाते में योजना के तहत 1250 रूपये के मान से मासिक किश्त का अंतरण भी करेंगे।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 13 को

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अपर जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाए जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 13 अगस्त को सायं 5 बजे पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में आयोजित की जाएगी।

# नामांतरण आदेश, खसरा, नक्शा एसएमएस, ई-मेल और वाट्स-एप पर

### अब आंशिक खसरा क्रय-विक्रय का ऑनलाइन नामांतरण 3 सप्ताह में, साइबर तहसील 2.0 शुरू

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जमीन के क्रय-विक्रय के बाद नामांतरण की प्रक्रिया में लगने वाले महीनों का समय अब केवल 2 से 3 सप्ताह में बदल गया है। जमीन क्रय करने के बाद तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाना पडेगा। जरूरी दस्तावेज, खसरा, नक्शा ऑनलाइन एसएमएस, इमेल और व्हाट्सअप पर घर बैठे मिलेंगे। सम्पूर्ण खसरा क्रय-विक्रय की प्रक्रिया ऑनलाइन थी। अब आंशिक खसरा क्रय-विक्रय प्रक्रिया भी ऑनलाइन प्रक्रिया से जोड दिये गये है। यह सब संभव हुआ है साइबर तहसील 2.0 की शुरूआत से। प्रमुख राजस्व आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि एक वर्ष में अमूमन सम्पूर्ण खसरे के क्रय विक्रय के लगभग 2 लाख और आंशिक खसरा क्रय-विक्रय के लगभग 6 लाख प्रकरणों का नामांतरण होता है। आंशिक खसरा क्रय-विक्रय के प्रकरणों का भी ऑनलाइन नामांतरण होने से प्रतिवर्ष लगभग 8 लाख से अधिक नागरिक लाभांवित होंगे। यह साइबर तहसील 2.0 के शुरू होने से संभव हो रहा है। साइबर तहसील 2.0 में संपदा से प्राप्त अविवादित आंशिक खसरों के क्रय-विक्रय आधारित नामांतरण प्रकरणों में क्षेत्रीय स्तर पर एण्ड-टू-एण्ड ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से त्वरित निराकरण की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था में नामांतरण के बाद नामांतरण आदेश और खसरा नक्शा की अद्यतन प्रति ऑनलाइन इमेल और व्हाट्सअप के माध्यम से घर बैठे नागरिकों को मिलेगी।

साइबर तहसील 2.0 स्वचालित प्रणाली है। इससे एक ओर जहाँ नागरिकों को तहसील के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। वहीं तहसील स्तर पर कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों की कार्य दक्षता बढ़ेगी। इससे अविवादित प्रकरणों के निराकरण त्वरित होने से संबंधित तहसील के राजस्व अधिकारी विवादित प्रकरणों पर पर्याप्त समय दे सकेंगे। जिससे विवादित प्रकरण भी आपसी सहमती से त्वरित निराकृत होंगे।



## हर बच्चा अपने जन्मदिन पर पौधा लगाएं-अंसारी

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** बढ़ते तापमान को कम करने के लिए पेड़ों का महत्वपूर्ण योगदान है। यह बात ग्राम पंचायत जोगीखेड़ा के उप सरपंच ने हरित क्रांति पर्यावरण समूह द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर हरित क्रांति समूह मन्दसौर के वरिष्ठ सदस्य असअद अन्सारी ने कहा कि कोरोना काल में हमें आक्सीजन की जितनी कमी से जुझना पड़ा है उससे हमें शिक्षा लेकर अधिक से अधिक पौधे रोपे कर उन्हें सुरक्षित कर पेड़ बनाने का प्रयास करना चाहिए। प्राथमिक विद्यालय जोगीखेड़ा के बच्चों ने छात्रा विभा-समर्थ कक्षा 5 के जन्मदिन के अवसर पर आम के पौधे लगाए और विभा को जन्म दिन की बधाई दी। इस अवसर पर ग्राम के शंकर सिंह, राधेश्याम, भागीरथ खेर उपस्थित थे। संचालन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यशोदा विश्वकर्मा ने किया। आसिफ़ अन्सारी ने आभार माना।

## पंचायतों में रिक्त पदों के उपनिर्वाचन के लिए कार्यक्रम घोषित

**नीमच, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग व्दारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 का कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन 21 अगस्त को प्रात: 10.30 बजे किया जावेगा। नाम निर्देशन पत्र 28 अगस्तप 2024 तक प्रात: 10.30 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक प्राप्त2 किए जावेंगे। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की जांच 29 अगस्त को 10.30 बजे से की जावेगी। नाम वापसी 31 अगस्त को अपरान्हं तीन बजे तक हो सकेगी। आवश्यक होने पर मतदान 11 सितम्बर को प्रात:7 बजे से अपरान्हन तीन बजे तक होगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय नीमच (स्थानीय निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी के अनुरूप नीमच जिले में पंच के नो पदों और सरपंच के एक रिक्त पद के लिए उप निर्वाचन होना है। ग्राम पंचायत जागोली में सरंपच पद का उप चुनाव होना है। नीमच जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुनिया कलां के वार्ड नम्बंर 14, बोरखेडी के वार्ड नम्बार 14, भरभडिया के वार्ड नम्बअर-एक , बरूखेडा के वार्ड नम्ब र 9 में पंच पद का उपचुनाव होना है। मनासा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत आंत्री बुजुर्ग के वार्ड नम्बर 17, भदाना के वार्ड नम्बर 5 व 11 तथा तलाऊ के वार्ड नम्बर 3 व 16 में पंच पद का चुनाव होना है।

**तहसीलदार नीमच व मनासा रिटर्निंग आफीसर नियुक्त**-नीमच जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के उप चुनाव के लिए तहसीलदार नीमच श्री प्रेमशंकर पटेल को रिटर्निंग आफीसर व नायब तहसीलदार सुश्री कविता कडेला को सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा मनासा जनपद क्षेत्र के लिए तहसीलदार श्री बी.के.मकवाना को रिटर्निंग आफीसर व नायब तहसीलदार श्री रूपसिह राजपूत को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। नीमच क्षेत्र की पंचायतों के लिए न्यायालय तहसीलदार नीमच व मनासा क्षेत्र के लिए न्यायालय नायब तहसीलदार मनासा के कक्ष में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर व्दारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की सीमा में शस्त्रस लायसेंस निलंबित कर दिए गऐ है। साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में, वार्डो में आदर्श आचरण संहिता भी प्रभावशील हो गई है।





## सीतामऊ में तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ पं. शास्त्री द्वारा किया

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ महाराणा प्रताप लदुना चौराहा पर तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ पूज्य प.श्री भीमाशंकर शास्त्री धारयाखेडी के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर पं.श्री भीमाशंकर शास्त्री द्वारा कहा गया है कि देश का मान सम्मान तिरंगाध्वज होता है इसके प्रति सदैव हम सभी देशवासियों को समर्पित रहना चाहिए। समस्त नगरवासियों से भी आग्रह किया है कि तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेवे एवं हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सभी अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगाएं।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं नगर वासी उपस्थित थे।

## क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** क्रांतिकारियों को समर्पित संगठन दशपुर जागृति संगठन के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र त्रिवेदी के नेतृत्व में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जहां उनके अंतिम प्राण मातृभूमि के माटी को चूमते हुए कहा था की मां भारती दोबारा तेरे इस स्थान पर जन्म लूंगा और जो काम पूरा न कर सका दोबारा करूंगा ऐसे महान क्रांतिकारी के स्थल पर संगठन के त्रिवेदी अपने साथ पूरे परिवार को लेकर पहुंचे हैं । उन्होंने इस अवसर पर सभी से कहा है कि 1947 के महान क्रांतिकारियों को राष्ट्र भूल नहीं सकता जिन्होंने अपने बलिदान को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त करने के लिए समर्पित कर दिया आज उनको याद करने वाला पहला देश का संगठन दशपुर जागृति है जिन्होंने यह शुरुआत करी है कि अब समय आ चुका है इन्हें स्मरण करने का है ने प्रयागराज स्थित वीर सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनको नमन किया अमर शहीद चंद्र शेखर आज़ाद पार्क वह स्थान जहां पर विदेशी सत्ता के साथ सशस्त्र संघर्ष में गोली से आहत होने पर 27 फरवरी 1931 में वीर गति को प्राप्त हुवे। इस अवसर पर दशपुर जाग्रति संगठन की मेजर उषा कुमावत, नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, अध्यक्ष जन भागीदारी समिति लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय मंदसौर, दिलीप सेठिया,अजय शर्मा,सीमा शर्मा,वंदना त्रिवेदी,रेशमा शर्मा, येक्षित त्रिवेदी, रजनी कुमावत उपस्थित रहे।उक्त जानकारी संगठन के सत्येंद्रसिंह सोम में दी।



## उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थी मंथन परीक्षा के ब्रोशर किया विमोचन

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विज्ञान भारती द्वारा आयोजित विद्यार्थी मंथन परीक्षा का ब्रोशर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा द्वारा विमोचन किया गया। विज्ञान भारती मालवा प्रांत के सहसचिव डॉ प्रमोद सेठिया ने बताया कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा बच्चों को वैज्ञानिक बनने हेतु प्रेरित करती है। यह आनलाइन परीक्षा कक्षा 6 से 11 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होती है। इस परीक्षा में उस कक्षा का एनसीईआरटी पाठ्यक्रम, लॉजिकल एबिलिटी, भारत की वैज्ञानिक परंपरा तथा किसी एक वैज्ञानिक के बारे में प्रश्न पूछे जाते हैं। यह परीक्षा ऑनलाइन होती है और इस परीक्षा में कक्षा 6 से 11 तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। परीक्षा में पंजीकरण हेतु अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2024 है। विभिन्न स्तरों पर चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार व छात्रवृति प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विज्ञान भारतीय मालवा प्रांत के सहसचिव डॉ प्रमोद सेठिया ,वीवीएम परीक्षा के स्टेट कोऑर्डिनेटर श्री रामेश्वर डांगी , विज्ञान भारती मंदसौर जिला के जिला अध्यक्ष डॉ रोशन गलानी एवं सदस्य श्री भगवती शर्मा, नेपाल सिंह राणावत, दिनेश शुक्ला उपस्थित थे।

# जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल ने मनाया लहरिया उत्सव

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। सावन में महिलाओं के परिधानों में लहरिएं का विशेष महत्व है इसी को ध्यान में रखते हुए श्री जांगडा पोरवाल समाज महिला मंडल ने हरियाली के बीच धुंधलेश्वर महादेव रेवास देवड़ा पर लहरियां उत्सव का आयोजन किया। समाज की लगभग 60 से अधिक महिलाओं ने इस उत्सव में भाग लिया।सभी महिलाओं ने लहरियां धारण कर धुंधलेश्वर महादेव पहुँच कर कांवड यात्रा निकाली व महादेवजी का अभिषेक कर पूजन किया।**



इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने कहा कि सावन में प्रकृति में चारों ओर हरियाली छा जाती व मंद मंद पवन चलती रहती हैं, जिसके साथ प्रकृति लहराती रहती हैं।इसीलिए इस माह में लहरियां पहनने का विशेष महत्व है । सचिव प्रमिला संघवी ने कहा कि लहरियां मूलत: राजस्थानी परिधान हैं लेकिन इसके चटक रंग हर किसी के मन को मोह लेते हैं, साथ ही राजस्थान हमारा पड़ोसी प्रांत हैं, यही कारण है कि यहाँ की महिलाओं को भी यह बहुत भाता है। मिड़िया प्रभारी प्रिया फरक्या ने बताया कि हरियाली के बीच प्रकृति की गोद में यहाँ महिलाओं ने विभिन्न पारम्परिक खेल पौशम्बा-पौशम्बा, रस्साकशी, खो खो, कबड्डी, लंगडी, गुड़-धानी जैसे कई खेलों को खेल अपने बचपन को जीवंत किया ।संध्या में सहभोज के साथ उत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर मार्गदर्शक मंडल निर्मला मांदलिया, गीता पोरवाल के साथ हेमलता गुप्ता, सुधा फरक्या,मनीषा पोरवाल, सुनीता सेठिया, विजयलक्ष्मी महाजन, शांति फरक्या (यातायात सभापति नगरपालिका मंदसौर),रानी रत्नावत, सुमित्रा सेठिया, रानू सेठिया, सीमा उदिया, मिल्की डबकरा, संतोष सेठिया, सुशीला मोदी, स्वाती मेहता, अन्नू कामरिया, विद्या सेठिया, सुनीता पोरवाल, कीर्ति धनोतिया, कविता सेठिया, रंजना घाटिया, प्रतिभा गुप्ता, मंजू गुप्ता,रेखा मांदलिया, कृष्णा सेठिया, गुणमाला धनोतिया, ममता मोदी, मीता गुप्ता, संगीता गुप्ता, विद्या घाटिया, सुशीला घाटिया, किरण घाटिया, उषा पोरवाल, ममता गुप्ता, वंदना रत्नावत, शोभा गुप्ता, रेखा रत्नावत, किरण पोरवाल, ज्योती गुप्ता, सीमा गुप्ता, जागृति सेठिया, शिल्पा सेठिया, साधना मांदलिया, अनिता मंडवारिया, निर्मला गुप्ता, संगीता गुप्ता, सीमा सेठिया, मीनल पोरवाल, मोनिका सेठिया, पल्लवी फरक्या, प्रीति पोरवाल, मुन्नी सेठिया, शांति बाई फरक्या आदि कई महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।


## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 50 | 2409 | 2534 |
| उडद | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 5000 | 3581 | 4421 |
| गैहु | 3950 | 2575 | 3231 |
| चना | 320 | 6100 | 6813 |
| मसुर | 105 | 5220 | 6050 |
| धनिया | 260 | 4841 | 6351 |
| लहसुन | 11900 | 7500 | 24500 |
| मैथी | 550 | 4600 | 5770 |
| अलसी | 980 | 5000 | 5800 |
| सरसो | 150 | 5080 | 5320 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 77 | 10001 | 12500 |
| प्याज | 1746 | 1200 | 3424 |
| कलोंजी | 13 | 14625 | 18770 |
| डॉलर | 56 | 9801 | 13200 |
| तिल्ली | 120 | 10600 | 12071 |
| मटरसुखी | 10 | 5858 | 7000 |
| असालीया | 23 | 7801 | 9601 |


दिनांक 07 अगस्त 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

जन्मकुण्डली में प्रबल मंगल..



❋ यदि आपकी जन्म कुंडली में मंगल प्रबल है तो आप दुसरों की तुलना मे विशेष पराक्रमी, बलवान, वीर्यवान, उग्र, तथा आकर्षक होंगे। आपका शारीरिक गठन भी मजबूत होगा,भूमि भवन संबंधित कार्यों सें लाभ होगा,आप विशेष मेहनती होंगे लेकिन आपको क्रोध पर विशेष नियंत्रण की आवश्यकता है, फैसले लेते समय धैर्य रखना होगा।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720


# मंदसौर विकास योजना 2035 में बिना किसी दावे आपत्ति एवं सुनवाई के मनमर्जी पूर्ण तरीके से ड्रोन नक्शे को मान्य करना न्याय संगत नहीं

### तेलिया तालाब के संरक्षण के लिये एडवोकेट कांतिलाल राठौर ने दर्ज कराई आपत्ति

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** तेलिया तालाब बचाओ समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट में मुख्य याचिकाकर्ता (एसएलपी नं. 012945/2019)



पूर्व शासकीय अधिवक्ता एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं अखिल भारतीय तेली महासभा साहू समाज, श्री कांतिलाल राठौर एडवोकेट ने एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि मंदसौर शहर की विकास योजना के संबंध में मंदसौर विकास योजना के 2035 के प्रारूप (ड्राफ्ट) नक्षे पर धारा 19/2 के अंतर्गत आपत्तिया/सुझाव आमंत्रित किये गए थे। इन आपतियों पर प्रत्यक्ष/विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आपत्ति कर्ताओं को सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया है। यह विडियो कांफ्रेंसिंग दिनांक 8-8-2024 से प्रारंभ होकर दिनांक 14-8-2024 तक चलेगी। इसी प्रक्रिया के तहत दिनांक 8-8-2024 को अधिवक्ता कांतिलाल राठौर द्वारा मुखर पैरवी करते हुवे मंदसौर शहर के जल स्तर के प्रदाता तेलिया तालाब के संरक्षण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर अपना विस्तृत मत रखा।

इस प्रभावी पैरवी में 2 बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया जिसमें- 1. जिस 2035 के प्रारूप (ड्राफ्ट प्लान) पर आपत्तियां/सुझाव मांगे गए थे उस पर कंही भी सर्वे नम्बर अंकित नहीं थे जिस वजह से मंदसौर नगर की जनता यह समझने में नाकाम रही है कि किस-किस की कौन-कौन सी जमीन इससे प्रभावित होगी एवं इस वजह से मंदसौर नगर की जनता प्रभावी रूप से आपत्ति नहीं कर पाई। 2. धारा 18/2 एवं धारा 19/2 के अंतर्गत जो आपत्तिया/सुझाव आमंत्रित किये गए थे वे मंदसौर विकास योजना 2035 प्रारूप (ड्राफ्ट प्लान) में जो नक्षा बताया गया था उस पर मांगे गए थे और सभी आपतिकर्ताओ ने जो 205 आपत्तिया भी मंदसौर विकास योजना 2035 प्रारूप (ड्राफ्ट प्लान) में जो नक्षा बताया गया था उसी पर ही दी थी। परंतु नगरीय विकास के अधिकारियों ने योजनाबद्ध तरीके से 11-7-2023 को एक बैठक आयोजित करके कार्यवाही विवरण पत्र क्रमांक एफ 3-80/2021/18-5 भोपाल दिनांक 11-7-2023 के जरिये यह निश्चित किया कि बैठक में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 22-3-2023 के परिपेक्ष्य में तेलिया तालाब के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि धारा-19(2) के तहत की जाने वाली उपांतरण की कार्यवाही में तेलिया तालाब की सीमा स्थल पर वास्तविक एफ.टी.एल. के अनुरूप रखी जाये एवं इस हेतु दिनांक 28-8-2021 के ड्रोन सर्वे को आधार माना जाये। यह भी निर्णय लिया गया कि तेलिया तालाब के एफ़.टी.एल. से 30 मीटर तक की दूरी आमोद प्रमोद के अंतर्गत वृक्षारोपण हेतु निर्दिष्ट रखी जाये। 3. और इस मीटिंग के निर्णय के बाद 19(2) के तहत जो नक्षा बताया गया है (नक्षा नं. 4) में उपांतरण के बाद वाला नशा 28-8-2021 का ड्रोन वाला प्रतीत होता है। मेरे द्वारा 08.08.2024 की वीडियो कांफ्रेंसिंग में 6-10-2023 को गजेट में प्रकाशित नक्षे न. 4 में (ए) एवं (बी) में तेलिया तालाब के जल भरण क्षेत्र के दोनों नक्शों में नगरीय निकाय एव



आवास विभाग द्वारा किये गए लगभग 6 अन्तरो को मेरे द्वारा चिह्नित किया गया है, जिससे नक्षे में किया गया हेरफेर स्पष्टरूप से उजागर हो रहा है। जबकि इस नक्षे में केवल कलेक्ट्रेट के सामने वाले मार्ग की चौड़ाई को 30 मीटर किया जाना प्रस्तावित था। मेरे द्वारा चिह्नित ये 6 अंतर नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा मनमाने ढंग से न्याय के विपरीत किये गए है।

4. उपरोक्तानुसार इस बात पर जोर दिया गया कि विकास योजना में उसी परिवर्तन को मान्य समाविष्ट किया जाना है जिस पर दावे एवं आपत्तिया मांगी गई थी उन पर आई आपत्तियों का उचित निराकरण कर लिया गया हो। 5. चूँकि दावे एवं आपत्तियां मंदसौर विकास योजना 2035 के प्रारूप (ड्राफ्ट प्लान) पर मांगी गई एवं ड्रोन प्लॉन पर बिना किसी दावे आपत्ति एवं सुनवाई के मन मर्जी पूर्ण तरीके से ड्रोन नक्षे को मान्य कर दिया जो कि न्याय संगत नहीं है एवं पूरी प्रक्रिया को दूषित करता है। 6. यहां पर यह उल्लेखनीय है कि यह गजट नोटिफिकेशन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 6-10-2023 को प्रकाशित किया गया था एवं इस प्रकाशन के लगभग 6.5 माह बाद माननीय एनजीटी न्यायालय का फैसला 19-4-2024 को आया था। 7. इस प्रकार यह पूरजोर मांग भी की गई कि-(अं) मानचित्र पर सर्वे न, डाल कर मंदसौर विकास योजना का पुन: प्रकाशन करें। (ब) अगर माननीय एनजीटी न्यायालय के अनुसार 28-8-2021 के ड्रोन सर्वे के आधार पर सीमांकन करना हो तो 18/2 एवं 19/2 पर सुनवाई की जावे जो कि विधि सम्मत होगा।

**-कांतिलाल राठौर (तेलिया तालाब बचाओ समिति)**
**अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव**
**अ.भा. तेली महासभा साहू समाज समाज म.प्र.**

भाजपा कार्यकर्ताओं की चांदी...

# सहकारी संस्थाओं में मिलेगा प्रशासक व सदस्य बनने का मौका




**भोपाल, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा कार्यकर्ताओं को मध्य प्रदेश सरकार ने सहकारी संस्थाओं में जिम्मेदारी देने की तैयारी कर ली है। सहकारी समितियों से जुड़े लगभग 20 हजार कार्यकर्ताओं को विभिन्न स्तरों पर समायोजित किया जाएगा। 4,523 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में प्रशासक और सदस्यों के रूप में उनको मौका दिया जाएगा। इसी तरह 28 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, अपेक्स बैंक, विपणन समितियां, राज्य सहकारी विपणन संघ और महासंघ में भी मौका मिलेगा। इसके लिए पार्टी ने जिलों के सहकारिता से जुडे नेताओं से नाम मांगे हैं।

**साल 2013 के बाद नहीं हुए चुनाव**–प्रदेश में सहकारी संस्थाओं के चुनाव वर्ष 2013 के बाद से नहीं हुए हैं। 2018 के बाद प्राथमिक से लेकर शीर्ष सहकारी संस्थाओं में सहकारिता विभाग के अधिकारी प्रशासक हैं। सहकारी अधिनियम में 6 माह और विशेष परिस्थिति में इस अवधि को एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, लेकिन चुनाव नहीं होने के कारण अधिकारी प्रशासक बने हुए हैं।

**अशासकीय व्यक्ति को बनाया जाएगा प्रशासक**–अब सरकार ने तय किया है कि अशासकीय व्यक्तियों को प्रशासक और सदस्य बनाया जाएगा। इसके लिए पार्टी से प्रत्येक संस्था के लिए तीन-तीन नाम मांगे गए हैं। इसमें उन लोगों को शामिल किया गया है जो सहकारिता से जुड़े हुए हैं और उन्हें चुनाव लड़ने का अनुभव रहा है। इन्हीं के नेतृत्व में आगामी चुनाव कराया जाएगा। ये ही सदस्यता सूची तैयार कराएंगे और स्थानीय समीकरणों को देखते हुए उन कार्यकर्ताओं को तैयार करेंगे, जिन्हें चुनाव लड़ाया जाना है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में एक प्रशासक और उसकी सहायता के दो या तीन सदस्य बनाया जाएंगे। इसी तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और अपेक्स बैंक में भी प्रशासक के साथ पांच या छह सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। सही व्यवस्था 450 विपणन समितियों और राज्य सहकारी विपणन संघ के लिए रहेगी।

**पात्रता की जांच करेंगे सहकारिता विभाग के अधिकारी**–प्रशासक और सदस्य नियुक्त करने से पहले सबकी पात्रता की जांच सहकारिता विभाग से कराई जाएगी। इसमें यह देखा जाएगा कि कोई ऐसा तो नहीं है, जिसने ऋण न चुकाया हो और वो अपात्र हो गया हो। वह जिस समिति का सदस्य है, वह अपात्र तो घोषित नहीं की गई है। पूर्व में किसी कारण से चुनाव लड़ने से अयोग्य तो घोषित नहीं किया है।

**कार्यकर्ताओं में नाराजगी न पनपे इसलिए होगा समायोजन**–उत्तर प्रदेश में कार्यकर्ताओं में नाराजगी के कारण लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिस तरह से नुकसान हुआ, पार्टी उससे सब लेकर मध्य प्रदेश में कार्यकर्ताओं को भी सत्ता में भागीदार बनाना चाहती है। इसी उद्देश्य से सहकारी संस्थाओं में सबसे पहले कार्यकर्ताओं को नियुक्ति दी जा रही है। इन संस्थाओं के चुनाव 2013 के बाद से नहीं हुए हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं प्रवेश के लिए आवेदन 16 तक करें

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जवाहर नवोदय विद्यालय लदूना के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 16 सितंबर 2024 तक कर सकते है। वर्ष 2024-25 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्रायें विद्यालय समिति की वेबसाईट http://navodaya.gov.inपर आवेदन कर सकते है। आवेदन करते समय विद्यार्थी फोटो, कक्षा 5वीं में अध्ययनरत प्रधानाध्यापक द्वारा प्रमाणित आवेदन पत्र, आधार कार्ड एवं मूलनिवास प्रमाण पत्र साथ ले जावे। अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय लदूना के प्राचार्य से संपर्क कर सकते है।

# नप अध्यक्ष ने दिए कर्मचारियों को निर्देश

**सफाई व लाइट व्यवस्था पर तत्काल ध्यान दे, मवेशियों के लिए की आमजन से अपील**



**कुकड़ेश्वर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद कुकडेश्वर अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेन्द्र पटवा ने नगर में वार्ड में सफाई तथा प्रकाश व्यवस्था को लेकर प्राथमिकता के तौर पर चुस्त-दुरूस्त रखने पर जोर देते हुये परिषद के समस्त कर्मचारियो को निर्देशित कर बरसात के मौसम में सफाई में विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। क्योकि वर्षाकाल में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का जन्म होता है एवं नालियो की साफ-सफाई नालियो में किटनाशक दवाई व किटनाशक पावडर आदि का छिड़काव समय-समय पर किया जा रहा है। साथ ही पेयजल स्त्रोतो में ब्लिचिंग पावडर, एलम आदि समय-समय पर डाली जा रही है ताकि नागरिको को साफ-स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। नगर में वर्तमान पर्याप्त पेयजल आपूर्ति हेतु 02 दिवस छोड़कर पेयजल सप्लाई की जा रही है। इस व्यवस्था में और सुधार कर 01 दिवस छोड़कर पेयजल आपूर्ति करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने यह भी कहा कि बरसात का पानी एक जगह जमा न होने पाये, जिसमें मच्छर तथा विषैले जीव न पनप पाये, मानव स्वास्थ्य के लिये ये विषाणु अति हानिकारक होते है। श्रीमती पटवा ने इस पर भी जोर देते हुये कहा कि सार्वजनिक जगहो पर किसी प्रकार का अपशिष्ट पदार्थ या कचरा इकट्ठा नही डालने की जनता से अपील की। साथ ही कचरा इकट्ठा नही होने दिया जाये, उसे तत्काल सफाई करवाई जाने के निर्देश सफाई कर्मचारियो को दिए एवं नगर में हर वार्ड में प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीटलाईट व्यवस्था को सुधारकर निरंतर निगरानी करते हुए कहीं पर भी स्ट्रीटलाईट बंद होने पर तत्काल दुरूस्त कर लगाई जा रही है। क्योकि बरसात में अंधेरा होने से लोगो को खतरा हो सकता है। उन्होने इस बात को लेकर नागरिको से अपील करते हुये कहा की नगर में पशुपालको द्वारा अपने-अपने मवेशियों को खुला ना छोड़े, क्योकि खुला छोड़ने से किसानो की खेती-बाड़ी में फसलो को आवारा पशु नुकसान कर सकते है, इस कारण अपने-अपने पशुओ को बांधकर रखे, खुला ना छोड़े। नगर परिषद कुकडेश्वर में पर्याप्त मात्रा में आय का साधन नही है, निकाय की आय के साधन संपत्तिकर, जलकर तथा दुकान किराया ही एकमात्र साधन है। इसके बावजूद भी नगर विकास के लिये हम कृत संकल्पित है। सभी करदाता अपना कर समय पर जमा कराये तथा नगर विकास में सहयोग करे।

# बिजली कार्मिक विद्युत उपभोक्ताओं के फोन कॉल अटैण्ड करना सुनिश्चित करें

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बिजली अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि बिजली उपभोक्तों से प्राप्त होने वाली बिजली संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रबंध संचालक ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि बिजली कार्मिक अपने फोन को 24X7 चालू रखें तथा विद्युत उपभोक्ताओं के फोन कॉल को अटेण्ड करना सुनिश्चित करें।

गौरतलब है कि बिजली कंपनी के मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के शिकायती फोन कॉल नहीं उठाए जाने को गंभीरता से लिया है। उन्होंने विद्युत शिकायतों के तत्काल निराकरण एवं फोन कॉल अटेण्ड करने को लेकर विभागीय निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों की अवहेलना करने वालों कार्मिकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी विद्युत संबंधी किसी भी समस्या के लिए कंपनी के केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर 1912, उपाय एप, व्हाटसएप चेटबोट, कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा सोशल मीडिया के माध्यम भी दर्ज कराकर निराकरण करा सकते हैं। साथ ही अपने निकटतम विद्युत वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया नाग पंचमी उत्सव

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर, केशव नगर मंदसौर में 9 अगस्त 2024 को नाग पंचमी के अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि च्.ड.एक्सीलेंस महाविद्यालय मंदसौर के क्रीड़ा अधिकारी श्री राजु जी कुमार, प्रो. राजेंद्र सिंह शिक्षण समिति के व्यस्थापक श्री मिलीन जी व्यास, कोषाध्यक्ष श्री नितेश जी भदादा, विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष जी यादव की उपस्थिति में कार्य क्रम का शुभारंभ मंत्रोचारण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि श्री राजु जी ने भैया बहनो को नाग पंचमी की शुभकामना दी व नाग पंचमी पर कुश्ती के आयोजन के इतिहास से अवगत कराया। इसके पश्चात विभिन्न वर्गो की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय खेल आचार्य आजाद सिंह सोलंकी और तनुस्का नगोरे साथ ही रेफरी राहुल जी सुरा व अमित जी ग्वाला के मार्गदर्शन में किया गया। संचालन श्रीमती अंतिम बाला शर्मा, स्वागत श्री कल्पेश सिंह राठौर व भारत सिंह गुर्जर, आभार श्री सुनील जी वत्स ने व्यक्त किया।

# आयुष मेडिकल एसोसिएशन एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने उपमुख्यमंत्री देवड़ा को दिया ज्ञापन



**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन मंदसौर और भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ मंदसौर के संयुक्त तत्वाधान में उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें आयुष चिकित्सकों द्वारा यह मांग की गई की आयुष के अंतर्गत बीएएमएस ,बीएचएमएस और बी यू एम एस चिकित्सक आते हैं जो एक क्वालिफाइड चिकित्सक है और 5.2 वर्षीय कोर्स करने के उपरांत विधि मान्य विश्वविद्यालय से चिकित्सा की डिग्री प्राप्त करते हैं अभी वर्तमान में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जो झोलाछाप चिकित्सकों के ऊपर कार्यवाही की जारी है उसका आयुष संगठन स्वागत करता है किंतु इस कार्यवाही के आड में आयुष चिकित्सक को बेवजह परेशान नहीं किया जाए और उनको अज्ञानतावश झोलाछाप चिकित्सकों की श्रेणी में नहीं लिया जाए तथा यह भी मांग की गई की आयुष चिकित्सकों का पंजीयन सीएमएचओ ऑफिस में नहीं करवाया जाए इसके स्थान पर जिला आयुष कार्यालय में सभी आयुष चिकित्सकों का पंजीयन किया जावे। ज्ञापन देते वक्त मुख्य रूप से आयुष मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमावत, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ राजमल सेठिया, आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक आयुष मेडिकल एसोसिएशन म.प्र के वरिष्ठउपाध्यक्ष डॉ. जवाहर सिंह मंडलोई, आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ राजेश बोराना और आयुष मेडिकल एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य डॉ के के सुहिल, डॉ गिरीश शर्मा, डॉ फारूक मंसूरी, डॉ कमलेश मलासा, डॉ सत्यनारायण कुमावत, आदि मंदसौर नीमच जिले के सभी आयुष चिकित्सा उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने नपा परिषद मंदसौर के सीवर प्रोजेक्ट की समीक्षा कर निर्देश दिए

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने अमृत 2.0 योजनांतर्गत कलेक्टर कार्यालय सभागार में नगर पालिका परिषद मंदसौर के सीवर प्रोजेक्ट की समीक्षा की। नगर परिषद पिपलियामंडी की वाटर बॉडी रिजवेनेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत नगर परिषद मल्हारगढ़, भैंसोदा एवं शामगढ़ की लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

## नगरीय क्षेत्रों में स्थित खतरनाक एवं जीर्ण-क्षीर्ण भवन को हटाने की कार्रवाई में सख्ती करें

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्थित खतरनाक एवं जीर्ण-क्षीर्ण भवनों के संबंध में नगरीय निकायों में सख्त कार्रवाई करते हुए इनके खतरनाक हिस्सों को तत्काल हटाया जाये। यह निर्देश आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव ने समस्त आयुक्त नगर पालिक निगम और मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद को जारी किये है। आयुक्त श्री भरत यादव ने जारी निर्देश में कहा है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश वर्षा ऋतु शुरू होने के पहले जून माह में जारी किये थे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 309 एवं 310 तथा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 221 में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्थित जर्जर भवनों पर कार्रवाई करने का प्रावधान है। उन्होंने अपने निर्देश में कहा है कि किसी भी प्रकार की जन-धन हानि को रोकने के लिये यह आवश्यक है कि अधिनियम की धाराओं के अनुसार जर्जर मकानों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रखी जाये। आयुक्त श्री भरत यादव ने नगरीय निकायों को हिदायत दी है कि जीर्ण-क्षीर्ण भवनों के संबंध में केवल सूचना-पत्र जारी करके इतिश्री नहीं मानी जाये बल्कि इससे संबंधित समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जर्जर निजी अथवा शासकीय भवनों को नोटिस दिये जाने की सूचना तथा उसकी सूची जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जाये। प्रदेश में जर्जर एवं खतरनाक भवन में यदि कोई परिवार रह रहा है, तो जिला प्रशासन के सहयोग से उनके व्यवस्थापन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## तापेश्वर महादेव मंदिर के गेट... पेज 1 से जारी

माह में ताला लगाया भी जा रहा है तो इसे खोलने के लिए विशेष दिशा निर्देश मंदिर समिति के जिम्मेदारों को दिए जाने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया यह भी बताया गया है कि मंदिर के पट पर जो ताला लगाया गया था, उसकी चाबी भी सुरक्षा गार्ड के पास ही दी जाती है। यानी, सुरक्षा गार्ड ताला खोलना भूल गया था। हालांकि, भूलवश गलती इसे मान सकते हैं, लेकिन सावन माह में और नागपंचमी के दिन में भगवान को ताले में बंद रखना गलत कार्यप्रणाली को दर्शाता है। मंदिर समिति को अपनी जवाबदेही तय करना होगी, तब जाकर ही सावन माह में मंदिर की व्यवस्थाएं सुचारू चलायमान रह सकेंगी।

**कुछ वर्ष पूर्व ही तापेश्वर महादेव मंदिर पहुंच गेट पर जड़ दिया था ताला**–बता दें कि कुछ वर्ष पूर्व यानी 2015 में मंदिर प्रबंध समिति ने एक अजूबा ही निर्णय लिया। इस निर्णय में प्रशासन के कर्ताधर्ता भी रहे। यानी तापेश्वर महादेव जाने वाले रास्ते पर एक गेट लगाया गया था इस गेट पर ताला जड़ दिया गया। इस तरह जो भी भक्तजन पशुपतिनाथजी के दर्शन करने के लिए आता, वह भक्त तापेश्वर महादेव के दर्शन नहीं कर पाता, क्योंकि बीच रास्ते में गेट पर तालाबंदी रही थी। यह स्थिति लम्बे समय तक चलती रही। गुरु एक्सप्रेस ने भी उस समय अपने कर्तव्यता को निभाते हुए भगवान से मिलने व दर्शन के लिए भक्तों को परेशान करने वाले तालाबंदी पर समाचार प्रकाशित कर प्रशासन के जागरूक लोगों को चेताया था, तब जाकर सद्बुद्धि की प्राप्ति आने पर यह ताला खोला गया। उस समय प्रशासन ने यह तर्क दिया था कि मंदिर की सुरक्षा के मद्देनजर यह व्यवस्था करवाई गई थी।

## डॉ. कुलकर्णी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय मजदूर संघ के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ प्रचारक ( राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) डॉ. सुधाकर कुलकर्णी का दिनांक 6 अगस्त 2024 को स्मार्ट सिटी हास्पिटल भोपाल में दु:खद निधन हो गया है,। भारतीय मजदूर संघ जिला मन्दसौर द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर डॉ सुधाकर कुलकर्णी को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

डॉ. कुलकर्णी 86 वर्ष के थे,। वे पिछले कुछ समय से बीमार थे उनका इलाज भोपाल में स्मार्ट सिटी हास्पिटल में चल रहा था। श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी के आग्रह करने पर आपने अपना व्यवसाय छोड़ कर भारतीय मजदूर संघ में पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया,। मध्यप्रदेश सहित देश के अनेक राज्यों में आपने संगठन का काम किया,। आपने विपरीत परिस्थितियों में जब कोई साधन नहीं थे, कोई सुविधा नहीं थी, कोई व्यवस्था नहीं थी,उन कठिन परिस्थितियों के बीच भारतीय मजदूर संघ का कार्य किया,। आपके दु:खद निधन से भारतीय मजदूर संघ को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि सभा में भारतीय मजदूर संघ पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक रामावत, विभाग प्रमुख गोपाल जामलिया, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने विचार व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की,। इस अवसर पर महेन्द्र मोड़ सचिव बिजली कर्मचारी महासंघ, पारसमल जैन प्रबंधक विद्युत कामगार सोसायटी, भूपेश पाण्डेय संचालक सोसायटी, ओमप्रकाश तनान, अनिल नेतराम, मनोज बसेर, गजुवेन्द्रसिंह भदौरिया, प्रकाश , ललित पाल, रमेश मालवीय, मनोहर खटकड,आदि भारतीय मजदूर संघ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फैजान बना अंगद सनातनी

**हिन्दू युवा वाहिनी के बैनर तले इस्लाम त्याग कर युवक ने अपनाया सनातन धर्म, हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी चैतन्य सिंह राजपूत ने कराई 44 वीं घर वापसी**



**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दो वर्ष पूर्व इस्लाम त्याग कर सनातन धर्म अपनाकर विश्व विख्यात हुए चैतन्य सिंह राजपूत ने सनातन धर्म में आस्था रखने वालों कि घर वापसी कराने का अभियान शुरू किया और लगातार वो इस अभियान में सफल होते जा रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर में गायत्री शक्तिपीठ में फैजान रिजवी ने इस्लाम त्यागकर विधि विधान से सनातन धर्म अपनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सनातन धर्म में गहरी आस्था थी**–इस्लाम त्यागकर विधि विधान से सनातन धर्म अपनाने वाले फैजान रिजवी ने बताया कि उनका पूर्व में नाम फैजान रिजवी था अब उन्हें नया नाम अंगद सनातनी मिला है। अंगद सनातनी बताते हैं कि पीछे 12 से 13 वर्षो पहले से उनकी सनातन धर्म में आस्था थी। अंगद सनातनी हनुमान जी के भक्त हैं और हनुमान चालीसा एवं बजरंग बाण का पाठ भी करते हैं। वो तिरुपति बालाजी, कष्टभंजन बालाजी, महांकाल सहित कई धार्मिक स्थलों पर भी दर्शन कर चुके हैं।

**सनातन धर्म अपनाने की प्रेरणा कैसे मिली**–अंगद सनातनी ने बताया कि मेरी आस्था तो सनातन धर्म में पहले से थी लेकिन समझ नहीं आ रहा था कि कैसे धर्म परिवर्तन करते हैं। फिर मुझे हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी चैतन्य सिंह राजपूत जी के बारे में पता चला तो मैं हिन्दू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह गेहलोद से मिला और हम चैतन्य सिंह राजपूत जी से मिले इसके बाद उन्होंने कानूनी और धार्मिक प्रक्रिया के बारे में बताया इसके बाद आज मैंने विधि विधान से सनातन धर्म अपनाया है, मैं आज बहुत खुश हूं।

**सनातन धर्म के लिए परिवार त्याग दिया**–अंगद सनातनी के परिवार में मां और एक बड़ा भाई है। सनातन धर्म अपनाने के बाद अंगद सनातनी परिवार छोड़ चुके हैं। उनका कहना है कि अब समस्त हिन्दू समाज मेरा परिवार है और मैं जीवन भर सनातन धर्म के लिए काम करूंगा।

## शा. कन्या महाविद्यालय में मनाया जाएगा आजादी उत्सव

**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में आजादी उत्सव 9 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक मनाया जायेगा जिसके अंतर्गत अलग-अलग दिवसों पर व्याख्यान एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इसी श्रृंखला में दिनांक 09.08.2024 को क्रांति दिवस मनाया गया।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार ने अपने उद्बोधन में बताया कि 09 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत हुई इसकी पृष्ठभूमि के बारे में बताते हुए कहा कि क्रिप्स मिशन की असफलता के कारण ब्रिटिश प्रधानमंत्री विस्टन चर्चिल ने आहत होकर भारतीयों पर अतिरिक्त टैक्स बढ़ा दिया एवं अभिव्यक्ति की आजादी पर रोक लगा दी। इस दौरान महात्मा गांधी वर्धा में थे वहां उन्होने भारत छोड़ो आंदोलन का चिंतन किया कि अभी नही तो कभी नहीं। यहीं सोच लेकर वे 7 अगस्त को बम्बई आए एवं 08 अगस्त को बम्बई कांग्रेस सत्र में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव पारित हुआ आपने महादेवजी देसाई के साथ मिलकर करो या मरो का नारा दिया। परन्तु आंदोलन से पहले गांधीजी को बिड़ला हाउस से गिरफ्तार कर लिया। गांधीजी ने आंदोलन की रूपरेखा पहले ही तैयार कर ली की इस रूपरेखा की 10000 दस हजार प्रतियाँ भारत के कोने-कोने में 08 अगस्त को ही पहुँच गई थी इसलिए 09 अगस्त को प्रात: अरूणा आसफ अली ने ध्वज फहरा कर भारत छोड़ो आंदोलन का आगाज किया। आंदोलन के दौरान लगभग 01 लाख लोगों को नजरबंद किया गया। आंदोलन से प्रेरित होकर आजाद हिन्द फौज के क्रांतिकारी एवं कई समाजवादी नेता इस आंदोलन से जुडे। साथ ही डॉ.पाटीदार ने महाविद्यालय की छात्राओ से राष्ट्र समर्पण के लिए आव्हान किया। इतिहास विभाग के प्रो.दिलीपसंह कांदिल ने 09 अगस्त को कांकोरी कांड घटना से जुडे तथ्यों के बारे में बताया। बी.काम द्वितीय वर्ष की छात्रा आराधना पाटीदार ने भी ऐतिहासिक तथ्य 09 अगस्त के बारे में प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डा.अनुराग आर्य ने माना। इस अवसर पर स्टाफ एवं अनेक छात्रायें उपस्थित रही।

## थाना परिसर में खाकी पर... पेज 1 से जारी

और प्रधान आरक्षक बलराम बीच बचाव करने पहुंचे इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। देर रात दोनों को शामगढ़ में प्राथमिक इलाज के बाद मंदसौर रेफर कर दिया गया।

**मीणा और सोंधिया समाज के बीच है विवाद**–बताया जा रहा है कि खेड़ादेवी सिंह और बरखेड़ा उदय गांव के मीणा और सौंधिया राजपूत समाज के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। फरवरी माह में भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। अब गुरुवार- शुक्रवार की दरमियानी फिर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने बताया कि मामले में 18 लोगों के खिलाफ नामजद हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया है। जिनमें से 9 को हिरासत में लिए गए हैं, उनसे पूछताछ की जा रही है।

## भृत्य को खुदकुशी के लिए उकसाया... पेज 1 से जारी

समीप से उसने नदी में कूदकर खुदकुशी कर ली थी। मामले में उसके दो दोस्त विनोद पिता भेरुलाल धनगर निवासी खत्रुखेड़ी एवं राधेश्याम पिता रामलाल बंजारा निवासी सदर ने पूर्व में मृतक को शराब पिलाकर उसका अश्लील वीडियो बनाया और इसे वायरल करने की धमकी दी थी। तब से ही मृतक बगदीराम परेशान चल रहा था। आरोपियों ने वीडियो वायरल नहीं करने के बदले 30 लाख रूपए भी मांगे और चम्बल नदी में फेंकने की भी धमकी दी थी। परेशान कर्मचारी बगदीराम ने आखिरकर चम्बल नदी में कूदकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।


## कार्यालय जनपद पंचायत मंदसौर, जिला मंदसौर (म.प्र)

Phone Number 07422-223039, E-mail jpmandsaur-mp@nic.in. JP_mds2008@rediffmail.com

क्रमांक / 2789 लेखा/स्था/2024 मंदसौर, दिनांक 08/08/2024

### :: मत्सय पालन के लिए तालाब पट्टा विज्ञप्ति ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के जारी निर्देशानुसार जनपद पंचायत मंदसौर क्षेत्रांतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भालोट जलाशय को मत्स्य पालन हेतु नियमानुसार पट्टे पर दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिनों को छोडकर) दिनांक 27/08/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। मत्स्य पालन पट्टा हेतु निम्नानुसार समिति/समूह/व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जावेगी।

1. मछुआ/आदिवासी/अनुसूचित जाति/सहकारी समितियां
2. मछुआ/आदिवासी/अनुसूचित जाति/मछुआ समूह
3. मछुआ/आदिवासी/अनुसूचित जाति/व्यक्ति विशेष 4. जलाशय पर स्थानीय मछुओं को प्राथमिकता दी जावें।

अत एव इच्छुक व्यक्ति/समूह अपना आवेदन दिनांक 27/08/2024 तक मय प्रमाण के जिसमें सदस्यों की सूची, नाम/पिता, निवासी, मुख्य व्यवसाय/ अन्य व्यवसाय, गरीबी रेखा की सूची में क्रमांक का प्रमाणीकरण एवं जनपद पंचायत मंदसौर में प्रस्तुत किये जा सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।

जलाशय के पट्टे पर दिये जाने संबंधी नियमों व शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर देखी जा सकेगी।

मख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत मंदसौर (म.प्र.)


# देश तोड़ने वाली ताकतों से सावधान रहने की आवश्यकता- विधायक

**शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ एवं आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम संपन्न**



**मंदसौर, 9 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ जिला मुख्यालय पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन की अध्यक्षता में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर की अगुवाई में मनाई गई । इस अवसर पर कांग्रेस जनो ने देश के अमर शहीदों की जय, जब तक सूरज चांद रहेगा महात्मा गांधी ,पंडित नेहरू तुम्हारा नाम रहेगा जैसे गगन भेदी नारे लगाते हुए गांधी चौराहा स्थित महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर तत्पश्चात पुराना बस स्टैंड स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया गया । इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन् जैन ने कहा कि वर्तमान समय में फ़ासिस्ट वादी शक्तियों से देश में आम लोगोंको सतर्क रहने की जरूरत है । हमें आजादी बड़ी मुश्किल से अमर शहीदों के त्याग, तपस्या व उनके बलिदान से मिली है ।

शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरे देश को एकजुट होने का आह्वान किया था। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए गए संघर्ष में भारत छोड़ो आंदोलन सबसे निर्णायक क्षणों में से एक था। डॉ तोमर ने कहा कि आज़ादी के आन्दोलन में हमारे नेताओं ने एक जुटता के साथ एकता और अखंडता का परिचय दिया साथ ही आदिवासी समाज के नेताओं की स्वतंत्रता संग्राम में महती भूमिका थी । इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पा भारती, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, जिला कांग्रेस पदाधिकारीगण राजेंद्र छाजेड, कांतिलाल राठौर, अंजू तिवारी, बबीतासिंह तोमर, अनिता भदौरिया, अशोक रेकवार, लक्ष्मण मेघनानी, राजेश फरक्या, वहिद जेदी, राजनारायण लाड, गोविंद सुरा, सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा, अजा विभाग के जिला अध्यक्ष संदीप सलोद, एनएसयुआई नगर अध्यक्ष सम्यक जेन, मन्डलम् अध्यक्ष मे सर्वश्री रमेश ब्रिजवानी, वकार खान, अजय सोनी, कांग्रेस नेता राजेश सोलंकी, घनश्याम चौहान, सादिक् गोरी, कन्हैयालाल कुमावत, ईश्वर भावसार आदी इस अवसर पर उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष राजनारायण लाड़ ने किया आभार मंडलम अध्यक्ष रमेश ब्रिजवानी ने माना।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in